जबसे खाटू में जाने की शुरुआत की

जबसे खाटू में जाने की शुरुआत की,
मुझको चिंता नहीं है किसी बात की,
हर घड़ी साथ रहता है बाबा मेरे,
हर घड़ी साथ रहता है बाबा मेरे,
जबसे बाबा से मैंने मुलाकात की,
जबसे खाटु में जाने की शुरुआत की,
मुझको चिंता नहीं है किसी बात की ॥

हार कर जो भी आया शरण में तेरी,
तूने उसको सहारा दिया सांवरे,
उसके जीवन में कुछ भी कमी ही नहीं,
नाम जिसने भी तेरा लिया सांवरे,
बाबा रखता खबर मेरे हालात की,
बाबा रखता खबर मेरे हालात की,
मुझको चिंता नहीं है किसी बात की,
हर घड़ी साथ रहता है बाबा मेरे,
जबसे बाबा से मैंने मुलाकात की.......

तेरी किरपा से मेरा गुजारा चले,
तुमको पाकर मुझे हर ख़ुशी मिल गई,
तूने इतना दिया मैंने सोचा नहीं,
जबसे बाबा तुम्हारी शरण मिल गई,
मेरे नैनो में सूरत बसी श्याम की,
मेरे नैनो में सूरत बसी श्याम की,
मुझको चिंता नहीं अब किसी बात की,
हर घड़ी साथ रहता है बाबा मेरे,
जबसे बाबा से मैंने मुलाकात की........

मुझको चिंता नहीं तू मेरे साथ है,
डोर जीवन की बाबा तेरे हाथ है,
ध्यान रखता है हर पल मेरा सांवरा,
बाबा चरणों में बैठा तेरा दास है,
मेरे जीवन में खुशियों की बरसात की,
मेरे जीवन में खुशियों की बरसात की,
उज्ज्वल चिंता नहीं अब किसी बात की,
हर घड़ी साथ रहता है बाबा मेरे,
जबसे बाबा से मैंने मुलाकात की।

जबसे खाटू में जाने की शुरुआत की,

मुझको चिंता नहीं है किसी बात की.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23419/title/jabse-khatu-me-jaane-ki-shuruaat-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |